# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विज्ञापन क्रमांक 525/प्रशा./विज्ञापन/2025 भोपाल दिनांक 01/05/2025

## शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन–2025

**(विस्तृत विवरण हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट *www.bubhopal.ac.in* का अवलोकन करें)**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में रिक्त शैक्षणिक पदों की पूर्ति हेतु पूर्व प्रसारित विज्ञापन कमांक 663/विज्ञापन/नियुक्ति/बैकलॉग/2022 दिनांक 29.03.2022 जारी किया गया था, अपरिहार्य कारणो से उक्त विज्ञापन निरस्त किया जाता है। अद्यतन रोस्टर अनुसार वर्तमान में रिक्त सहायक प्राध्यापक के 31 पदों पर योग्य उम्मीद्वारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित आवेदन प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट ***www.bubhopal.ac.in*** से डाउनलोड कर, आवश्यक प्रमाण पत्रों, अंकसूचियों की सत्यापित छायाप्रतियों आदि के साथ **कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) 462026 के कार्यालय में दिनांक 31.05.2025 (कार्यालयीन समय) तक जमा करें।** इसके पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नही किया जावेगा। शैक्षणिक योग्यता यू.जी.सी. के प्रभावशील नियम/प्रावधान के अनुसार होगी।

| विज्ञापित पदो का विवरण | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स. क्र. | विषय | सहायक प्राध्यापक (रिक्त पद–31) सांतवें वेतनमान में लेवल : 10 (15,600–39100+6000–एजीपी) | | | | | कुल पद |
| | | अना. | अ.पि.वर्ग | अ.जा. | अ.ज.जा. | ई.डब्ल्यू.एस. | |
| 1 | Biochemistry | | 1 | | | | 1 |
| 2 | Bioscience | 2 | | 1 | | | 3 |
| 3 | Biotechnology | | 1 | | 1 | | 2 |
| 4 | Buddhist/Jain Phil (Sanskrit) | | | | | 1 | 1 |
| 5 | Commerce | 1* | | | | | 1 |
| 6 | Continuing Education | | | 1 | | | 1 |
| 7 | Electronics | | 1* | | | | 1 |
| 8 | Genetics | | | | 1 | | 1 |
| 9 | Geology | 1 | | 1* | | | 2 |
| 10 | Law | 1 | 1 | | | | 2 |
| 11 | Limnology | 1* | | | | 1 | 2 |
| 12 | Management | 1 | 1 | 1 | | | 3 |
| 13 | Microbiology | 1 | 1* | | | | 2 |
| 14 | Physics | | 1 | | 1* | | 2 |
| 15 | Prakrit | 1* | | | | | 1 |
| 16 | Psychology | 1* | 1 | | | | 2 |
| 17 | Regional Planning, Economic Growth | | | | | 1* | 1 |
| 18 | Sanskrit | | 1* | | | | 1 |
| 19 | Sociology | | | 1* | | 1 | 2 |
| | महायोग | 10 | 9 | 5 | 3 | 4 | 31 |

नोटः–1. विश्वविद्यालय द्वारा जारी अद्यतन रोस्टर दिनांक 31.03.2025 के अनुसार सहायक प्रध्यापक के 31 पदो पर विज्ञापन जारी किया जा रहा है।

2. पूर्व विज्ञापन दिनांक 29.03.2022 के निरस्त होने के कारण, जिन आवेदको द्वारा पूर्व में आवेदन किये गये थे, उक्त आवेदन निरस्त किये जाते है। सभी अभ्यार्थियो को नवीन विज्ञापन अनुसार विषयवार/वर्गवार आवेदन करना अनिवार्य होगा।

3 उपरोक्त तालिका में * पर दर्शित पद महिला अभ्यार्थियो हेतु आरक्षित है। महिला आरक्षण शासन के नियमानुसार देय होगा।

4. अना–अनारक्षित, अ.पि.वर्ग–अन्य पिछड़ा वर्ग, अ.जा–अनुसूचित जाति, अ.ज.जा.–अनुसूचित जनजाति, **EWS-Economically Weaker Section** ।

5. मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, मंत्रालय के पत्र कमांक एफ 1/1/32/2023/26–1 (1049) दिनांक 04.08.2022 के द्वारा कुल सहायक प्राध्यापक के कुल स्वीकृत 61 पदो (30 भरे एवं 31 रिक्त) में 6 प्रतिशत के अनुसार 4 पद (01 पद दृष्टि बाधित और कम दृष्टि, 01 पद बहरे और कम सुनने वाले एवं 02 पद लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीडित, मस्कुलर डिस्ट्राफी) दिव्यांगजन अभ्यार्थियो हेतु चिन्हांकित किये गये है। उक्त आरक्षण **Horizontal** रहेगा।

6. विज्ञापन की विस्तृत शर्ते तथा आवेदन पत्र के प्रारूप वेबसाइट पर उपलब्ध है।

7. मध्यप्रदेश के सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी किया गया अद्यतन जाति प्रमाण–पत्र धारित करने वाले अभ्यर्थी ही आरक्षण का लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे तथा म.प्र. शासन के नियमानुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही आरक्षित वर्ग के अभ्यार्थियों तथा निःशक्तजनों एवं **EWS-Economically Weaker Section** को आरक्षण का लाभ दिया जावेगा।

8. वेबसाईट पर उपलब्ध पंजीयन पत्र को ऑनलाईन भरना एवं शुल्क जमा करना अनिवार्य है। इस पंजीयन पत्र की प्रति विस्तृत आवेदन पत्र के साथ अनिवार्यता संलग्न की जावे।

9. आवेदन पत्र व्यक्तिशः अथवा स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक द्वारा कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड, भोपाल 462026 के नाम दिनांक 31.05.2025 (कार्यालयीन समय) तक प्राप्त किए जाएंगे। इसके उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वतः निरस्त एवं अमान्य माना जावेगा।

10. डाक में विलम्ब हेतु विश्वविद्यालय उत्तरदायी नही होगा। विज्ञापन निरस्त/उपरोक्त रिक्तियों में संशोधित करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित

11. उक्त पदो हेतु आवेदक ऑनलाइन पंजीयन तथा आवेदन प्रपत्र (डाउनलोड) दिनांक 07.05.2025 से कर सकेगें।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner